## एक नजर

### मोबाइल चोरी करते रंगे हाथों पकड़े गये तीन चोर

**कछला, अमृत विचार :** गंगा घाट पर श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी करते हुए तीन लोगों को दुकानदारों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। उन्हें चौकी पुलिस के हवाले कर दिया है। गंगा घाट पर कांवड़ यात्रा मेले में चोर सक्रिय हो गये हैं। उनके द्वारा मोबाइल, बाइक आदि की चोरी की जा रही है। जिसकी शिकायत श्रद्धालुओं के द्वारा पुलिस से कर चोरी का आरोप स्थानीय दुकानदारों पर लगाते रहे हैं। ऐसी स्थिति होने पर दुकानदारों ने मेले में घूमने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रखनी शुरू कर दी। शुक्रवार को दुकानदारों ने तीन लोगों को श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। दुकानदारों ने उन्हें चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस द्वारा तलाशी लिए जाने पर चोरी किए गए मोबाइल बरामद किए। साथ ही पंजाब प्रांत नंबर की एक बाइक भी बरामद हुई है। पुलिस की पूछताछ में चोरों ने अपने आप को जिला एटा थाना मिरहची निवासी बताया है। चौकी इंचार्ज राजेन्द्र सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं।

# बच्ची की मौत के बाद भी नहीं पहुंची स्वास्थ्य टीम

## भीषण गंदगी से घर-घर फैला बुखार, ग्रामीणों ने खेड़ा जलालपुर में किया हंगामा, दवा का छिड़काव नहीं होने से आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गंगा किनारे के गांव खेड़ा जलालपुर में गंदगी के ढेर लगे होने से संक्रामक बीमारियों ने पैर पसार लिए हैं। डेंगू संभावित एक बच्ची की मौत होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की नींद नहीं टूटी है। गांव में घर-घर लोग बुखार से पीड़ित हैं। अभी तक स्वास्थ्य शिविर नहीं लगाया गया है जिससे लोगों को झोलाछापों से दवा लेनी पड़ रही है।

उसहैत क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर में करीब तीन महीने से सफाई कर्मचारी नहीं आ रहा है। करीब दो हजार की आबादी वाले इस गांव में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। बीच गांव में नालियों में गंदा पानी भरा खड़ा है। कूड़े के ढेर लगे होने से मच्छर पनप रहे हैं। गंदगी के चलते अब संक्रामक बीमारियां फैलनी शुरू हो गई हैं। गांव के रामसेवक की 13 साल की बच्ची लक्ष्मी को कई दिनों तक बुखार रहा। परिजनों ने उसे झोलाछापों से दवा दिलायी। स्थिति काफी बिगड़ गयी तो एक प्राइवेट पैथोलॉजी लैब पर उसका ब्लड जांच को दिया गया। जिसमें बच्ची को डेंगू की पुष्टि बताई थी। गरीब परिवार की बच्ची को फिर भी सही उपचार नहीं मिला जिससे गुरुवार को बच्ची की मौत हो गयी। इसी तरह गांव में करीब सौ से अधिक लोगों को बुखार है। कुछ मरीज मलेरिया संक्रमित भी बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने गांव में सफाई कराने की मांग की है। मच्छर नाशक दवा का छिड़काव कराने की मांग भी की है। खैरे कटरा में गंदगी के कारण दो दर्जन से अधिक लोग बुखार से जूझ रहे हैं। इन लोगों का ब्लड टेस्ट नहीं कराया गया है। यहां भी करीब डेढ़ हजार की आबादी है।

### जिले में छह सौ मलेरिया रोगियों पर रखी जा रही नजर

**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद में लगातार बढ़ रहे मलेरिया मरीजों को लेकर एक ओर स्वास्थ्य विभाग चिंतित है वहीं मलेरिया विभाग भी हरकत में आ गया है। जिले में करीब छह सौ मलेरिया के मरीजों पर नजर रखी जा रही है। इनका फालोअप करने के लिए कॉल सेंटर बनाया गया है। कॉल सेंटर से मरीजों से दवा के बारे में जानकारी की जा रही है। उन्हें नियमित दवा लेने को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मलेरिया पर अंकुश लगाने को विभाग ने फागिंग शुरू कर दी है। ब्लॉक दातागंज और समरेर सबसे अधिक संवेदनशील हैं। इन दो ब्लॉकों में मलेरिया के सबसे अधिक मरीज हैं। यह क्षेत्र गंगा किनारे का है। गांवों में गंदगी के ढेर लगे हैं। इसलिए मच्छर पनप रहे हैं। दातागंज में 180, समरेर में 150 से अधिक मरीज हैं। मलेरिया निरीक्षक डा. पूजा भदौरिया और डा. मोनिका सिंह ने बताया कि जो मलेरिया के मरीज हैं उनके फोन से बात की जा रही है। उन्हे नियमित दवा लेने को प्रेरित किया जा रहा है।



कॉल सेंटर पर मलेरिया मरीजों से बात करतीं मलेरिया निरीक्षक पूजा और मोनिका सिंह। ● अमृत विचार

> खेड़ा जलालपुर में जल्द ही स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। गांव की सफाई को डीपीआरओ को पत्र लिखा है। मच्छर नाशक दवा भी छिड़की जाएगी। बुखार से पीड़ितों को जांच के बाद दवा मिलेगी। शनिवार और रविवार को कैंप करने को कहा गया है।
> –डा. रामेश्वर मिश्रा, सीएमओ

### जिले में कहां कितने मलेरिया पीड़ित

इस्लाम नगर में 13, उसावां में 36, दहगवां में 18, बिसौली में 52, आसफपुर में 27, अम्बियापुर में 9 मलेरिया संक्रमित हैं।

> जिले के मलेरिया मरीजों का डाटा विभाग के पास मौजूद है। कॉल सेंटर सुबह से शाम तक काम कर रहा है। बुखार पीड़ितों के ब्लड सैंपल लिए जा रहे हैं। मलेरिया संक्रमितों को गांव में ही दवा मुहैया कराई जा रही है।
> –डा. योगेश कुमार सारस्वत, जिला मलेरिया अधिकारी

# पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और पुत्र समेत चार लोग कोर्ट में तलब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- प्रिंटिंग प्रेस के मालिक ने कोर्ट में दायर किया परिवाद

**अमृत विचार :** धोखाधड़ी, मारपीट, विश्वास के हनन आदि मामले में कोर्ट ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दीपमाला गोयल, उनके बेटे अमन गोयल समेत चार लोगों को तलब किया है। सभी को नौ सितंबर तक कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है।

शहर में रहने वाले शशांक गुप्ता ने सीजेएम कोर्ट में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दीपमाला गोयल, बेटे अमन गोयल व दो अन्य पर परिवाद दायर किया था। उन्होंने नगर पालिका से अनुमति लेकर शहर में तीन एलईडी स्क्रीन, 50 ग्लोसाइन बोर्ड का काम किया था। नगर पालिका को इसका टैक्स भी भरते थे। साल 2021 से 2023 तक पूर्व पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान उनके कहने पर दीपमाला गोयल के राजनैतिक व सरकारी होर्डिंग शहर में लगाए थे। जिसके 11 लाख 39 हजार रुपये का भुगतान बाद में करने का भरोसा दिया था। उन्होंने दीपमाला गोयल से संपर्क किया तो टोलमटोल की। बाद में उनके बेटे अमन गोयल ने सिंगलर स्कूल के पास रेस्टोरेंट पर बुलाया। गाली-गलौज और मारपीट की। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। 4 जनवरी 2023 को बकाया मांगा तो अमन गोयल ने जान से मारने की धमकी दी। अमन गोयल, रजत गुप्ता, संजय पाठक दो पुलिसकर्मियों के साथ शशांक गुप्ता के प्रेस पर आए। शशांक गुप्ता वहां नहीं मिले तो कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की और धमकी देकर चले गए। कहा कि अपने मालिक को बता देना कि बहुत जल्द ही उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। प्रार्थना पत्र पर सीजेएम ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दीपमाला गोयल पर धारा 417, 406, उनके बेटे अमन गोयल पर 417, 406, 323, 504, 506 और रजत गुप्ता व संजय पाठक पर धारा 323, 504, 506 के अंतर्गत विचारण के लिए नौ सितंबर को तलब किया गया है।

# 1256 लाख की धनराशि से विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

संवाददाता, दातागंज

- मंडी परिसर में होगी किसानों के स्वागत, विश्राम व कोल्ड रूम की व्यवस्था

**अमृत विचार:** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को दातागंज के मंडी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 1256 लाख रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उनके द्वारा उद्यान विभाग की एक यूनिट का लोकार्पण भी किया गया। कृषकों को 5000 फलदार पौधों बांटे।

कहा कि जिले की मंडियों के अंदर किसानों के स्वागत व विश्राम की व्यवस्था व मंडी के अंदर कोल्ड रूम की व्यवस्था कराई जाएगी। राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना व मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड सहायता योजना अंतर्गत 11 किसानों को 19 लाख 76 हजार की धनराशि के चेक भी सौंपे।

राज्य मंत्री ने किसान पारंपरिक खेती के साथ साथ आधुनिक व औद्योगिक खेती करने पर बल भी दें। ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। खेती करने में सरकार किसान भाइयों के साथ कंधे से कन्धा जोड़ कर साथ खड़ी है। विधायक दातागंज राजीव कुमार सिंह ने कहा ।कि भाजपा सरकार में सबका विकास ,सबका साथ को लेकर जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही है ।किसानों की दुगनी आय को लेकर योजना लागू की जा रही है । इसके बाद राज्य मंत्री ने मंडी परिसर में पौधा रोपण किया। इस मौके पर डीएम निधि श्रीवास्तव, एसएसपी डा ब्रजेश शुक्ला, एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



पौधा रोपण करते राज्यमंत्री।

# दो गांवों की किशोरियां लापता, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के दो गांवों से दो किशोरियों को युवक बहला-फुसलाकर ले गए। किशोरियों के परिजनों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है।

एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि उनकी नाबालिग बेटी 29 जुलाई को घर से गई। जो शाम तक नहीं लौटी। आरोप है कि गांव का विकास अपने पिता नरेंद्र और गांव के लोकेश, विक्की की मदद से बेटी को ले गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। वहीं दूसरे गांव की महिला ने भी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 जुलाई को घर से गांव निवासी लोकेश पर बेटी को ले जाने का आरोप है।

# एक साथ उठे तीन जनाजे, छिबऊ कलां में मातम

संवाददाता, उघैती

- गुरुवार को जिला संभल में हुए सड़क हादसे में हुई थी तीनों की मौत

**अमृत विचार :** जिला संभल क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बदायूं निवासी मां-बेटा और गर्भवती महिला की मौत हो गई थी। संभल पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। गांव में एक साथ तीनों शवों का एक साथ जनाजा निकला। गांव में कोहराम मचा रहा।

थाना उघैती क्षेत्र के गांव छिबऊ कलां निवासी एहसान पुत्र नौशे की पत्नी जोली को गुरुवार दोपहर प्रसव पीड़ा हुई थी। एहसान, उनके छोटे भाई जीशान, मां मुख्तरी और बेटी मायका जोली को कार से अलीगढ़ के अस्पताल ले जा रहे थे। कार जीशान चला रहे थे। जिला संभल क्षेत्र के धनारी पाठकपुर के पास कार अनियंत्रित हो गई और पेड़ से टकराते हुए दो पेड़ों के बीच फंस गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कार को काटकर घायलों को बाहर निकाला। जीशान की मौत हो चुकी थी। बाकी घायल हो गए थे। घायलों मुख्तरी और गर्भवती जोली की भी मौत हो गई। संभल पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। तीनों के शव गांव पहुंचे। परिजन ही नहीं गांव में कोहराम मच गया। तीनों का एक साथ जनाजा निकाला गया। इसी दौरान मृतक जीशान के पत्नी रुखसार की हालत बिगड़ गई। उसे चिकित्सक के पास ले जाया गया। परिजनों ने कब्रिस्तान ले जाकर शव दफन कर दिए गए। क्षेत्रीय विधायक बृजेश यादव ने पीड़ित परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।



एक परिवार के तीन लोगों की मौत के बाद विलाप करतीं महिलाएं।



मृतक मुख्तरी।



मृतक जोली।



मृतक जीशान।




# शव की पहचान को होगी परिजनों की डीएनए जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 12 जनवरी को लापता हुआ था युवक, 27 को मिला था शव
- युवक की पत्नी ने पहचान से किया था इंकार, बाद में हत्या में जेल गई थी पत्नी

**अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव दिसौलीगंज निवासी बदन सिंह लगभग सात महीने पहले लापता हो गया था। कुछ दिनों के पास गांव में एक युवक का शव मिला था। युवती की पत्नी के अनुसार वह शव उसके पति का नहीं था। वह महिला कुछ दिन पहले हत्या के मामले में प्रेमी के साथ जेल गई तो पुलिस ने दिसौलीगंज गांव के पास मिले शव की शिनाख्त का प्रयास शुरू कर दिया है। पुलिस को आशंका है कि वह शव बदन सिंह का हो सकता है। सोमवार को पुलिस उसके परिजनों का डीएनए टेस्ट कराएगी।

क्षेत्र के गांव दिसौलीगंज निवासी बदन सिंह 12 जनवरी को लापता हो गया था। 27 जनवरी को एक शव गांव के पास मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। शव बदन सिंह का होने का अंदेशा लगाया जा रहा था। पुलिस ने बदन सिंह की पत्नी पूजा को बुलाकर शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन पूजा ने उसे पहचानने से मना कर दिया। पुलिस ने शव का अज्ञात में अंतिम संस्कार किया। 31 जनवरी को पुलिस ने बदन सिंह की गुमशुदगी दर्ज की थी। अब उसकी बदन सिंह की पत्नी के हत्या मामले में जेल जाने पर पुलिस को आंशका है कि वह शव बदन सिंह का हो सकता है। जिसके चलते पुलिस बदन सिंह के परिजनों का डीएनए कराएगी और गांव के पास मिले शव के अवशेष का मिलान कराएगी। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि सोमवार को युवक के परिजनों का डीएनए टेस्ट कराकर जांच कराई जाएगी।

### दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद और 60 हजार जुर्माना

**बदायूं, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश सौरभ सक्सेना ने दुष्कर्म के सात साल पुराने मामले में दोषी को 10 साज की कैद और 60 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार कस्बा इस्लामनगर निवासी व्यक्ति ने 30 अगस्त 2017 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनके पड़ोस में रहने वाला फुरकान पुत्र आबिद 28 अगस्त 2017 दोपहर तीन बजे उनकी बेटी को बहला फुसलाकर ले गया था। उस दौरान घर पर कोई नहीं था। शाम को वह घर लौटे तो पड़ोसियों ने बेटी को ले जाने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके युवती की तलाश शुरू की। युवती को बरामद कर लिया। उसने बयान में फुरकान पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और विवेचना करके आरोपी फुरकान के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। तब से मामला न्यायालय में विचाराधीन था। शुक्रवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। एडीजीसी मुनेंद्र प्रताप सिंह और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद दोषी को 10 साल की सजा सुनाई है।

### बारिश से सड़कों पर भरा पानी, लोग परेशान

**बदायूं, अमृत विचार :** आधे सावन बाद झमाझम बारिश से लोग झूम उठे हैं। तीन दिनों से हो रही तेज बारिश से ताल-तलैया लबालब हो गए हैं। शहर के निचले इलाकों में पानी भरा हुआ है। शुक्रवार की दोपहर के दौरान देहात क्षेत्र में करीब दो घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। जिससे खेतों में पानी भर गया। हालांकि धान रोपाई को छोड़कर खेती किसानी के अन्य काम प्रभावित हुए हैं। पिछले तीन दिनों से बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को शहरी क्षेत्र में बारिश नहीं हुई। आसमान में काले बादल छाए रहे। देहात क्षेत्र में करीब दो घंटे तक तेज बरसात हुई।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

### धरोहरों को चाहिए नया जीवनः तीर्थ नगरी से लेकर कस्बों और गांवों तक फैला है ऐतिहासिक खजाना

# यह धरोहरों की धरा... कस्बों और गांवों में बिखरा है इतिहास

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** भगवान वराह के कारण आस्था की नगरी। मोक्षदायिनी हरिपदी गंगा का प्रवाह। कासगंज जिले की पहचान सिर्फ यही नहीं है। यहां आदिकाल के तमाम ऐसे स्मृति चिन्ह हैं जो यहां की पौराणिक महत्ता का गुणगान करते हैं। यहां के गली-मुहल्ले पौराणिक धरोहरों का गुणगान करते हैं।

संरक्षण न होने से इन चिन्हों का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है। जब डीएम ने यहां विशेषज्ञों से महत्व जाना तो फिर पौराणिक खजाने को सहजने की कार्ययोजना बना डाली। बीते ही दिनों समिति का गठन किया अब समिति खजाना ढूंढने में लग लगी है। छह में माह पूरे जिले की विरासत को सहेजने का लक्ष्य तय किया गया है। पटियाली, सहावर और कासगंज में तमाम धरोहरें हैं। सहावर की रामछितौनी झील की लोक मान्यता है कि यहां महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में माता-सीता ने प्रवास किया था। कासगंज के नदरई में अंग्रेजी हुकूमत की धरोहर झाल का पुल है, तो गांव छावनी में अंग्रेजों का किला है। सोरों में नजर दौड़ाएं तो पूरा नगर ही पौराणिक है। जहां हर गली-मुहल्ले में पुरातात्विक खजाना है। रामचरित मानस के रचयिता महाकवि संत तुलसीदास जी की नरसिंह पाठशाला है। इसके अलावा भागीरथी गुफा, योगेश्वर मंदिर, सूर्यकुंड, चंद्रकूप, प्राचीन ग्रद्धवट, शंकराचार्य द्वारा स्थापित श्रीयंत्र, प्राचीन मूर्तियां, शिलालेख और प्राचीन सिक्के हैं। वराह पुराण और पदम पुराण में इन धरोहरों का जिक्र स्पष्ट है।



कासगंज गेट पर लगी श्री वराह भगवान की प्रतिमा। ● अमृत विचार

● संरक्षण के अभाव में धीमे-धीमे अस्तित्व विहीन होती गईं धरोहरें



सोरों सृष्टि के आरंभ का आदि तीर्थ है। यहां पुरातात्विक संपदा का खजाना है। पुरातत्व विभाग यहां अपना कार्यालय बनाए और विलुप्त होती धरोहरों का संरक्षण करें। - **राहुल वशिष्ठ, ज्योतिषाचार्य**



डीएम की यह अच्छी पहल है कि पौराणिक खजाने को सहेजने के लिए समिति गठित की है। कासगंज जिले की धरा पर ऐतिहासिक धरोहरों का भंडार है। **-डा. कृष्ण दीक्षित, सदस्य जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार**

पौराणिक धरोहरों को तलाशने और उनको सहेजकर कासगंज का महत्व और बढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। समिति बना दी गई है। कार्य योजना तैयार कर ली गई है। **- मेधा रूपम, डीएम**

## सिर्फ सीताराम मंदिर सूचीबद्ध

तीर्थ नगरी सोरों का प्राचीन सीताराम मंदिर पुरातत्व विभाग की सूची में सूचीबद्ध है। यह मंदिर लहरा रोड पर है। यह राजा सोमदत्त सोलंकी यज्ञशाला के रूप में विख्यात है। इसकी चारदीवारी अत्यंत प्राचीन पत्थरों से निर्मित हैं। शिलालेख में इसका जीर्णोद्वार 1064 ई. में पूर्ण होने का उल्लेख दर्ज है।

### वंशावलियों का है भंडार

राजा महाराजाओं से लेकर उनकी अब तक की पीढ़ियों का इतिहास तीर्थ नगरी सोरों के पुरोहित संजोए हुए हैं। प्राचीन समय की वंशावलियां आज भी पुरोहितों के पास भंडारित हैं। ताम्र पत्र भी मौजूद हैं।

# जिलाधिकारी कार्यालय जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका

### मेला ग्राउंड में काफी देर तक नारेबाजी करते रहे किसान, पहुंचे अधिकारी

संवाददात, सोरोंजी

**अमृत विचार :** मांगों लेकर जिलाधिकारी कार्यालय प्रदर्शन को जा रहे किसानों एवं नेताओं को पुलिस ने रास्ते में रोक लिया। किसान डीएम से मिलने की जद्दोजहद करते रहे, लेकिन एसडीएम और सीओ ने सभी समस्याओं के निस्तारण भरोसा देकर किसानों को समझाया। उनका ज्ञापन लिया। उसके बाद किसान वापस लौटे।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने सोरों के मेला ग्राउंड में विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने के बाद वे जिलाधिकारी को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट चल दिए। पुलिस ने मेला ग्राउंड में ही किसानों को रोक लिया। किसानों ने नारेबाजी शुरू कर दी। किसानों की मांग थी कि वे डीएम से मिलकर अपना पक्ष रखना चाहते हैं। उनका कहना था कि एमएसपी गारंटी कानून जरूरी है। फसलों का उचित लाभकारी मूल्य दिलाया जाए। किसान आयोग का गठन किया जाए। यूपी सहित अन्य राज्यों में गन्ने का मूल्य बढ़ाया जाए। बिजली मुफ्त की जाए। लगभग 10 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान प्रदर्शन करते रहे।

एसडीएम संजीव कुमार, सीओ विजय कुमार राना को सूचना मिली तो वे भी मेला ग्राउंड पहुंच गए और किसानों को समझाया। किसानों को बताया कि वे उनका ज्ञापन उचित माध्यम से संबंधित अधिकारी तक पहुंचा देंगे। जिससे उनकी मांग पूरी हो सके। किसान मान गए। किसान आशवासन लेकर वापस लौट गए हैं। काफी देर तक किसानों ने नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों में सत्यभान सिंह, नवाब सिंह, नूर इस्लाम, मोहम्मर हारून, भूरे, नरेंद्र, लक्ष्मी देवी, शहवाज, महाराज सिंह, रेखा, मुरारी, विजेंद्र रामप्रकाश, नसीर, महावीर, अजमत हुसैन, रामसेवक सहित बड़ी संख्या में किसान प्रमुख हैं।



सोरों के मेला ग्राउंड में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं से बात करते एसडीएम संजीव कुमार, सीओ विजय कुमार राना। ● अमृत विचार

● एसडीएम और सीओ ने डीएम कार्यालय तक नहीं पहुंचने दिए प्रदर्शनकारी, लिया ज्ञापन

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप

**कासगंज, अमृत विचारः** अतिरिक्त दहेज की खातिर दहेज लोभी ससुरालीजनों ने एक विवाहिता की पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद ससुरालीजन मौके से फरार हो गए। मायके पक्ष के लोगों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के नगला भवूती निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि बहन ममता की शादी 2023 में नगला खंगार निवासी सलकान सिंह के पुत्र ललित कुमार के साथ की थी। दान दहेज से ससुरालीजन संतुष्ट नहीं हुए।

उसका उत्पीड़न और मानसिक शोषण करने लगे। कई बार ससुरालीजनों को समझाया। आरोप लगाया कि आठ अगस्त की शाम ललित ने मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दी। मायके पक्ष के लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई और जानकारी हासिल की। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने कहा कि मृतका के भाई की तहरीर पर पति, सास, ससुर, ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# 8.35 लाख बच्चों को खिलाई गईं कृमि नाशक गोलियां



बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां देते स्वतंत्र प्रभार मंत्री डॉ. अरुण कुमार एवं एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मनाया कृमि मुक्ति दिवस

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिले भर में कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों को एल्बेडांजोल की गोलियां दी गई और उन्हें सेहत के टिप्स दिए गए।

शहर के श्रीगणेश इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आरंभ वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, डीएम मेधा रूपम एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव अग्रवाल ने किया। जिले के के सभी सरकारी, अर्ध सरकारी, प्राइवेट विद्यालयों एवं समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर 1से 19 वर्ष तक के कुल 8,35,484 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगी। नोडल अधिकारी केपी सिंह ने बताया कि जो बच्चे दवा खाने से छूट जाएंगे उन्हें 17 अगस्त को मॉपअप राउंड चलाकर दवा खिलाई जाएगी। पेट में कीड़े होने से बच्चों के शरीर में खून की कमी तथा शरीर में रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है और थकान महसूस होने लगती है। बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास नहीं हो पाता है और बच्चा कुपोषण का शिकार हो जाता है। इसलिये बच्चों को समय समय पर पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाया जाना आवश्यक है।

## बिजली विभाग के जेई पर लगा छेड़छाड़ का आरोप, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** विद्युत निगम के जेई पर एक महिला उपभोक्ता ने अभद्रता एवं छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। प्रथम दृष्टया जांच में स्पष्ट हुआ कि महिला विद्युत चोरी की आरोपी है। विद्युत निगम के अधिकारियों का मानना है कि दबाव बनाने के लिए महिला ने कहानी गढ़ी है। पुलिस जांच कर रही है।

मामला शहर की लवकुश नगर कॉलोनी से जुड़ा हुआ है। पांच अगस्त को मीटर रीडिंग लेने बिजली कर्मचारी महिला के घर पहुंचा। आरोप है कि वह नशे में था और महिला के साथ अभद्रता की। विरोध के बीच कर्मचारी चला गया। छह अगस्त को अवर अभियंता विश्वजीत पांडे एवं दो लोग महिला के घर पहुंचे। उस समय महिला घर पर अकेली थी और दरवाजा से बंद था। महिला का आरोप है कि दरवाजा खटखटाकर कहा कि उन्हें बिजली चेकिंग करनी है।

महिला ने कहा कि उसके पति बाहर हैं। आ जाएं तो चेकिंग कर लें। इसके बाद जेई और कर्मचारियों ने दरवाजा जबरन खोल लिया और अभद्रता, छेड़छाड़ की। जेई ने आरोप निराधार बताए हैं। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि शिकायत मिली है जांच की जा रही है।

● पुलिस ने दर्ज किए महिला के बयान, संतुष्ट नहीं है पीड़िता

● प्रथम दृष्टया जांच में पाया गया बिजली चोरी का मामला है

पुलिस को शिकायत मिली होगी तो पुलिस जांच कर रही होगी। यदि कोई शिकायत हमसे की जाएगी तो जांच कराएंगे। **- नंदकिशोर, अधीक्षण अभियंता विद्युत**

## नाग पंचमी पर श्रद्धालुओं ने अर्पित किया दूध

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सावन मास शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग पंचमी के पर्व के रूप में मनाया गया। श्रद्धालुओं ने जंगलों में जा कर नाग की बामियों में दूध चढ़ाया और रक्षा की कामना की। घरों में भी महिलाओं द्वारा नाग के प्रतीक बनाकर पूजा की गई।

मान्यता है कि नाग पंचमी पर नागों से मनुष्य की रक्षा के लिए उनकी पूजा की जाती है। इसी मान्यता के चलते सोमवार को जिले भर में धर्मलांबियों द्वारा नाग पंचमी पर्व मनाया गया। जंगलों एवं निरजीव स्थलों पर पहुंचकर लोगों ने नाग की बामियों में दूध चढ़ाया। लोग वहां से मिट्टी ले गए। मान्यता के अनुसार इस मिट्टी में गेहूं बोकर उससे आने वाली बालियों को रक्षाबंधन पर्व बहन भाईयों के कानों पर लगाती हैं। इसके बाद इन्हें बहती नदी में प्रवाह कर दिया जाता है। घरों में महिलाओं ने वासुकी नाग, शेष नाग एवं तक्षक नाग का प्रतीक बनाया। सेमई, खीर से भोग लगाकर पूजा की।



प्रभु पार्क में नाग पंचमी पर सांपों की बामियों पर दूध चढ़ाते लोग। ● अमृत विचार

● घरों में बनाए गए वासुकी शेषनाग व तक्षक नाग के प्रतीक

### छह माह में निस्तारित करें निकाय चुनाव संबंधी याचिका

**कासगंज, अमृत विचार :** निकाय चुनाव से जुड़ी एक याचिका का संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने छह माह में यचिका निस्तारित करने के आदेश स्थानीय न्यायालय को दिए हैं। मामला नगर पंचायत सिढ़पुरा जुड़ा हुआ है। कामिनी गुप्ता ने जिला न्यायालय में दायर याचिका में कहा कि नगर निकाय चुनाव में फर्जी वोटिंग कराई गई। मृतकों के वोट डलवाए गए। मतगणना के परिणाम में कंचन गुप्ता को विजयी घोषित किया गया। पुनः सभी बिंदुओं पर सुनवाई करते हुए निर्णय सुनाया जाए और पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाया जाए। यह याचिका पिछले साल दायर की गई लेकिन पीड़ित पक्ष को राहत नहीं मिली। फिर उन्होंने उच्च न्यायालय का सहारा लिया। उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के आदेश जारी करने के साथ ही छह महीने में निर्णय लेने का आदेश दिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# आयुर्वेदिक कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई महर्षि चरक की जयंती

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचारः** कलावती आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में आयुर्वेद के जनक महर्षि चरक की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कॉलेज के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र, छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अथिति डा. सुरेंद्र चौधरी और अमलेंदु शर्मा रहे। कॉलेज के चेयरमैन डा.नीलम गौड,, प्राचार्य डा.नागेंद्र कुमार सिंह एवं डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. बबिता सिंह ने महर्षि चरक के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ सत्र 2021-22 के आयुष विश्वविद्यालय में सफल छात्र प्रथम अंकिता दीक्षित, द्वितीय याचना एवं तृतीय अभिषेक यादव को सम्मानित किया गया। सचिव डा. नवीन चंद्र गौड ने कहा की महर्षि चरक ने चरक संहिता नामक एक प्रसिद्ध आयुर्वेद ग्रंथ की रचना की है जिसमें रोगनाशक और रोगनिरोधक दवाओं का उल्लेख है। इस मौके पर कॉलेज में शिक्षक, शिक्षकाओ के अलावा बडी संख्या में छात्र, छात्राए मौजूद रही।



महर्षि चरक की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

● जयंती के अवसर पर विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट में मेरे पुत्र का नाम भूलवश विहान सक्सेना दर्ज हो गया है जबकि उसका वास्तविक नाम आर्यश सक्सेना है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी उसका नाम आर्यश सक्सेना ही दर्ज है। भविष्य में मेरे पुत्र को आर्यश सक्सेना के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **आशीष सक्सेना पुत्र सुशील कुमार वीर निवासी- फ्लैट वि 1, 4th फ्लोर, नन्दी हाइटस अपार्टमेंट, नैनीताल रोड, नियर सूर्य बैंक्वेट हॉल, श्रीनाथपुरम् नगर, जिला बरेली।**

NOTICE
I, Hari Singh S/o Saudagar Singh R/o Vill. Pipriya Majhra, Tehsil Puranpur Distt. Pilibhit U.P. India. Declare that Ranjit Singh Currently live in Italy Dob. 16-06-1999 is unmarried and if he marriage there will be no problem for his family you can get married, wherever you want.

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मोनू कुमार को गलत चाल चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **नरेश कुमार पुत्र मलखान निवासी चन्द्र मंडी नगर, डेलापीर, बरेली।**

सूचना
सूचित है कि सम्भव व सम्भव कुमार दोनों मेरे ही नाम है। भविष्य में मुझे सम्भव कुमार के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **सम्भव कुमार पुत्र रोहित कुमार A2/2, जाटवपुरा, प्रेम नगर, बरेली।**

विश्वास डायग्नोस्टिक सेंटर
बुखारा मोड़ (लालफाटक रोड), बरेली एवं
अनुकूल डायग्नोस्टिक सेंटर
बिशारतगंज, आंवला (बरेली)
हमारे यहां पर फीमेल रिसेप्शन स्टॉफ, लैब सैंपल कलैक्शन स्टाफ, फीमेल कम्प्यूटर ऑपरेटर की वैकेन्सी उपलब्ध हैं। सैलरी 5 से 20 हजार तक योग्यतानुसार
आज ही सम्पर्क करें।
9695554511, 8618670974

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## आज का मौसम

आसमान पर हल्के बादल छाए रह सकते हैं।

31° अधिकतम तापमान
26° न्यूनतम तापमान

## जिले में आज

- निषाद पार्टी द्वारा फूलनदेवी की 61वीं जयंती पर कस्बा पटियाली में विचार गोष्ठी सुबह 10 बजे से।
- जिले के सभी थानों एवं कोतवालियों पर थाना समाधान दिवस सुबह 10 बजे से।
- समाजवादी पार्टी की बैठक जिला कैंप कार्यालय आवास विकास पर सुबह 11 बजे से।
- विश्व हिंदू परिषद की विचार गोष्ठी शहर के गंगा देवी धर्मशाला में शाम पांच बजे से।

### साप्ताहिक बाजार में छेड़खानी

**सोरोंजी।** नगर पालिका द्वारा गुरुवार को मेला ग्राउंड में लगवाए जाने वाले साप्ताहिक बाजार में कपड़े खरीदने गई छात्रा से मनचलों ने छेड़छाड़ की। पीड़ित छात्रा ने कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक भोजराज अवस्थी का कहना है कि शिकायत मिली है जांच की जा रही है।

# विद्यालयों में किया पौधरोपण, शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी दिवस पर जिले भर में आयोजित किए गए रंगारंग कार्यक्रम, लगाई प्रदर्शनी

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** ककोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव जिले भर में मनाया गया। शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। उनकी याद में पौधे रोपित किए। देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। राज्यमंत्री ने स्कूलों में पौध रोपण की अपील की वहीं किसानों से भी अपेक्षा की है कि वे अपने खेतों की मेड़ पर पौधे अवश्य लगाएंगे।

शहर के श्री गणेश इंटर कॉलेज में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि वन मंत्री डा. अरुण कुमार एवं विशिष्ट अतिथि एमएलसी रजनीकांत महेश्वरी, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सोलंकी, डीएम मेधा रूपम ने किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक की भी प्रस्तुति की गई। काकोरी ट्रेन एक्शन संबंधी प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें काकोरी एक्शन का वास्तविक फोटो, काकोरी ट्रेन ऐसी से जुड़े तथ्यों एवं क्रांतिकारियों से जुड़ी जानकारी का अतिथियों एवं आगंतुकों ने अवलोकन किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रदर्शनी के माध्यम से काकोरी ट्रेन एक्शन के विषय में विस्तार से बताया।



वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, एमएलसी रजनीकांत महेश्वरी, डीएम मेधा रूपम, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

- देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति

वनमंत्री ने शहीदों के परिजनों का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर राष्ट्र के प्रति उनके त्याग को सर्वोच्च बताया। कहा कि जन-जन को जागरूक करने के उद्देश्य से इसको शताब्दी महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा काकोरी स्पेशल ट्रेन भी शुरू की गई है जो प्रत्येक जिले में जाकर काकोरी गाथा का प्रदर्शन करेगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाकर धरा को हरा भरा बनाए। सीडीओ सचिन, एडीएम राकेश कुमार पटेल, बीएसए सूर्यप्रताप सिंह, प्रधानाचार्य हरिशंकर, जयंत गुप्ता, सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



अतिथियों के साथ खेल प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### खंड शिक्षा अधिकारी ने मां के नाम लगाया पौधा

पटियाली। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर चल रहे चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी शशिकांत ने काकोरी ट्रेन कांड के बारे में शिक्षक-शिक्षिकाओं को विस्तार से जानकारी देते हुए ब्लाक संसाधन केंद्र के परिसर में मां के नाम एक पौधा लगाया। जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, हुसैन, चंद्र देव दीक्षित, रतन प्रकाश, प्रीति राठौर, रीना, विशाल चतुर्वेदी, मंजू, यशवीर सिंह, सोनू, रश्मि पुष्पेन्द, मनोज कुमार मौजूद रहे।



### महोत्सव में सम्मानित की प्रतिभाएं

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर खेल प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम सोरों में हुई। यहां उपक्रीड़ा अधिकारी हरफूल सिंह ने अलग अलग वर्गों में प्रतियोगिता कराई। प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता के सभी प्रतियोगी सम्मानित हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष रतनेश कश्यप, अध्यक्ष प्रतिनिधि बॉबी कश्यप ने विद्यार्थियों का परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर डा. प्रवीन जादौन, बृजेश यादव, नरेंद्र कुमार, कुलदीप भारद्वाज, रवीश कुमार, जीतू, मनवीर, प्रेमकुमार, राजकुमार, मनोज, मुन्नालाल, विशाल चौधरी मौजूद रहे।

## घर-घर तिरंगा कार्यक्रम की हुई कार्यशाला

**कासगंज, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी नगर कासगंज मंडल की घर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम की कार्यशाला लक्ष्मीबाई कम्युनिटी हॉल में हुई। अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष शरद गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री राजवीर सिंह भल्ला एवं विशिष्ट अतिथि नीरज शर्मा ने 13 अगस्त को विधानसभा तिरंगा यात्रा एवं 12 13 14 को राष्ट्रीय स्मारकों पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम एवं वीर सपूतों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण का कार्यक्रम को लेकर चर्चा की।

14 अगस्त को विभाजन विभीषिका की गोष्ठी पर विचार विमर्श किया। अनुरोध प्रताप सिंह, बंटी, श्यामू यादव, सुनील पांडे, विजयलक्ष्मी, मोहित तेजधार, हरि सिंह बघेल, मनीष कुरेशिया, प्रेम नारायण राजपूत, जयंत, शिवा, अंशुल अग्रवाल, विवेक भारद्वाज, आशुतोष शर्मा, प्रशांत कश्यप मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन नगर महामंत्री मनोज शर्मा ने किया गया।

## सार-संक्षेप

### 20 क्वार्टर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** थाना सहावर पुलिस ने सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि आरोपी सचिन निवासी ग्राम भिलौली को गिरफ्तार कर 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब के बरामद हुए है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गई है।

### दहेज एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने दहेज एक्ट के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि दहेज हत्या के वांछित देवेंद्र निवासी ग्राम मोहनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### चोरी के माल के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** सदर कोतवाली इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि बीते दिनों लाल सिंह निवासी नगला मामो घर के बाहर एक मकान से एक सोलर प्लेट व 01 बेट्ररी को चोरी हो गई थी। इस मामले में हीरेन्द्र उर्फ शाहरूख निवासी ग्राम नगला मामो को गिरफ्तार किया है। कब्जे से चोरी का माल बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

### सर्पदंश से किसान की मौत

**एटा, अमृत विचार :** सकीट थाना क्षेत्र के गांव सबलपुर निवासी रामकिशोर (50) पुत्र राम सिंह गुरुवार की रात 8 बजे फसल में सिंचाई करने गए थे। मेंड़ किनारे बैठे सर्प ने उन्हें डस लिया जिससे उनकी हालत खराब हो गई। परिजनों द्वारा उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रामकिशोर की मौत हो गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण ने फंदा लगाकर जान दी

**एटा, अमृत विचार :** मलावन थाना क्षेत्र के गांव सेंथरी के निवासी जसवंत सिंह (50) पुत्र नत्थू सिंह ने गुरुवार की देर रात घर की छत पर पड़ी टिनशेड़ के लोहे के पाइप में रस्सी बांधकर फंदा लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को सुबह परिजनों द्वारा शव लटका देखा तो कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार जसवंत शराब का अत्यधिक सेवन करते थे इसी बात को लेकर घर में क्लेश होता था। क्षेत्राधिकारी संजय सिंह और थानाध्यक्ष नित्यानंद पाण्डेय ने मौका मुआयना किया। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**एटा, अमृत विचार :** शहर के जीटी रोड स्थित घंटाघर के सामने गुरुवार की देर रात एक व्यक्ति सड़क किनारे बैठा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल को अस्पताल भिजवाया गया, जहां डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम पुष्पेन्द्र पुत्र चरन सिंह निवासी सैमरा मार्चा थाना सिढ़पुरा कासगंज का है। वहीं 15 दिन पहले सड़क हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। फिरोजाबाद के थाना एका क्षेत्र के गांव मकंदपुर निवासी संजेश कुमार (37) और उसके पिता गजराज सिंह 15 दिन पहले सड़क हादसे में घायल हो गये था। गजराज सिंह की घटना के बाद अस्पताल आते ही मौत हो गई थी। घायल संजेश को परिजनों ने अस्तपाल में भर्ती कराया था। उसका उपचार आगरा में चल रहा था।

### सफाई कर्मचारी के निधन पर शोकसभा

**अवागढ़, अमृत विचार :** नगर पंचायत अवागढ़ के राम लीला रंग मंच के संविदा सफाई कर्मचारी संजय के आकस्मिक निधन पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा में शोक संतप्त परिवार कोकी आर्थिक मदद करने का आहवान किया गया। शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया एवं संगठन की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिया। प्रांतीय उपाध्यक्ष राज्य स्वायत शासन कर्मचारी परिषद् उत्तर प्रदेश के वीरेन्द्र पाल सिंह जादौन, रिंकू वार्ष्णेय पूर्व सदस्य, शीलेन्द्र कुमार सिंह सफाई नायक, विकास, वीरेश, दीपक, राजवीर, मुकेश, लक्ष्मण सिंह भोले आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस से मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली



गोली लगने से घायल बदमाश से पूछताछ करते एसएसपी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचार:** आगरा के थाना बाह क्षेत्र के पार्वतीपुरा संतनगर निवासी कम्मोद सिंह तीन अगस्त को अपनी अर्टिगा कार को ऑनलाइन बुकिंग होने पर एटा लाए थे। एटा से नोएडा जाने के लिए कार बुक की थी। बदमाशों ने उन से मारपीट कर नगदी, जेवर लूट लिया और कार भी छीन ले गए थे। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि बदमाश हजारा नहर पर खड़े है। पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों को टोका तो पुलिस पर फायर कर दी। पुलिस ने भी गोली चलाई जो आकाश मौर्या पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम मदोना उर्फ पाटपुरागंज थाना अलीगंज जनपद बरेली पैर में लगी। पुलिस ने आकाश व उसके साथी अरबाज पुत्र इरसाद निवासी बनखडिया थाना विछवा जनपद मैनपुरी को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास 2000 रुपए की नगदी, 1 तमंचा कारतूस, एक बाइक, 2 मोबाइल और लूटी हुई कार निशानदेही पर बरामद कर ली गई। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पुलिस ने कई मामलों के वांछित पकड़े

**कासगंज, अमृत विचार:** सुन्नगढ़ी थानाध्यक्ष सरिता तोमर ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित शिवम निवासी नगला झोंझनी थाना सिढपुरा को गिरफ्तार कर पूछताछ के बादनियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

वहीं पटियाली पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि वांछित सुदेश निवासी ग्राम वोडार थाना पटियाली को पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है । एएसपी राजेश भारती ने बताया कि सोरों कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटी मैकू निवासी चंदवा थाना सोरो, गंजडुंडवारा पुलिस द्वारा राजीव निवासी मुहल्ला सुदामापुरी गंजडुंडवारा एवं अमांपुर पुलिस द्वारा मोहर सिंह निवासी ग्राम शाहपुर को गिरफ्तार किया है। इन सभी वारंटियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# मेरी मौत का जिम्मेदार... सुसाइड नोट लिख शिक्षक ने लगाया फंदा

**संवाददाता, मिरहची**

**अमृत विचार:** एक शिक्षक द्वारा पत्नी और मकान मालिक से परेशान होकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शिक्षक ने एक सुसाइड नोट लिखा जिसमें पत्नी, सास, साले और मकान मालिक को जिम्मेदार ठहराया। पुलिस जांच कर रही है।

- सुसाइड नोट में पत्नी सास, साले और मकान मालिक को जिम्मेदार ठहराया

क्षेत्र के गांव नयाबांस निवासी राजीव कुमार उर्फ राजू (40) पुत्र श्रीनिवास शिक्षक थे। वह निधौलीकलां क्षेत्र के जयसिंहपुर प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाते थे। पत्नी रुचि और बच्चों के साथ कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला वनगांव निवासी वीरपाल के मकान में किराए पर रहते थे। शिक्षक ने पत्नी, सास, साले साथ ही और मकान मालिक पर गलत व्यवहार का आरापे लगाकर गुरुवार की देर रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को सुबह शिक्षक का शव फंदे पर लटका देख परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो एक सुसाइड नोट बरामद किया।

इसमें पत्नी, सास, सालs और मकान मालिक को जिम्मेदार ठहराया गया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### मेरी मौम की वजह पत्नी, मकान मालिक, सास व साला

शिक्षक ने सुसाइड नोट में लिखा कि मैं आज जो करने जा रहा हूं, उसके लिए मेरी पत्नी रुचि, सास सुषमा और साला सुभम जिम्मेदार है। पत्नी से मैं बहुत परेशान हो चुका हूं। पिछले महीने की 24 तारीख को मुझे पत्नी, पत्नी के भाई ने भला बुरा कहा, गाली गलौज की, गलत व्यवहार किया। 8 अगस्त को मकान मालिक वीरपाल सिंह को कमरे का किराया और बिजली का बिल दिया तब वीरपाल बोला इसने मुझसे नमस्ते नहीं की। वीरपाल ने मेरी पत्नी को अपनी तरफ कर लिया। मेरी पत्नी और वीरपाल ने गाली गलौज की। एक साल से मैं बहुत परेशान हूं, मकान मालिक बहुत बेइज्जत करता है। पत्नी से कहा मकान खाली कर दो तो पत्नी ने कहा कि मैं जीवनभर इसके साथ ही रहूंगी। कहा कि इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। आगे लिखा कि बॉबी तूने जो आग मेरे घर में लगाई प्रभु उसका फल तुझे देगा, तेरी संतान भुगतेगी। शिक्षक ने अपनी मां के लिए लिखा कि मम्मी तुमसे एक आखिरी इच्छा है, मेरा सारा पैसा मेरे एसबीआई अरुणा नगर वाले खाते में है, मैंने तुम्हें नॉमिनी बनाया है। पेंशन-फंड कट रहा है उसमें भी तुम नॉमिनी हो। ज्वेलरी तुम्हारे बक्से में रखी है। मेरी पूरी खेती, पीएसी वाला प्लाट, गांव का मकान सभी ले लेना या किसी को दे देना, मगर मेरी पत्नी और उसके बच्चों को मत देना। मेरी यही अंतिम इच्छा है।

# पार्टी के स्थापना दिवस पर कांग्रेसियों ने किया पौधरोपण

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

- पहले दिन पीपल, बरगद सहित दर्जनों फलदार पौधों को किया रोपित

**अमृत विचार:** कांग्रेस के स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेसियों ने पौधारोपण सप्ताह के पहले दिन पीपल, बरगद, आम के अलावा दर्जनों फलदार पौधो को रोपित कर उनके देख भाल का संकल्प लिया है।

उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के सचिव सौरभ पाल ने बताया कि सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण संरक्षण है। हमारे देश के युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। जितेंद्र लोधी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही युवाओं के हितों की लड़ाई लड़ रही है। आज हम पर्यावरण संरक्षण के लिए भी लड़ रहे हैं। सुमंत लोधी, मोहम्मद अनीस कुरैशी, अतहर सिंह उर्फ टिल्लू, मोहम्मद जहीर, मोहम्मद मुशीर कुरैशी, जतिन पाल ,प्रिंस पाल, सचिन बघेल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पौधा रोपित करते युवा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग ने किए पौधे रोपित



**कासगंज :** जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के चेयरमैन अधिवक्ता सत्येंद्र पाल सिंह वैस ने दीन दयालपुरम कॉलोनी में पौधा रोपण किया। कॉलोनी के पार्क में पीपल, बरगद, जामुन, बेल, गुलमुहर, आंवला आदि विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि हमें स्वच्छ वातावरण में सांस लेनी है तो बहुतायत संख्या में पौधा रोपण करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए मांग की जो पौधे लगाएं उनको सींचकर पालने का संकल्प अवश्य लें। सर्वेन्द्र पुंढीर, ग्राम विकास अधिकारी अशोक कुमार गहलोत, अवनीष वशिष्ट, शौर्य प्रताप सिंह, आयुष, यशबीर आदि उपस्थिति रहे।

## अनियंत्रित होकर बाइक फिसली तीन गंभीर घायल

**गंजडुंडवारा, अमृत विचार :** गंजडुंडवारा के गांव धवा निवासी इमरान पुत्र मुबीन, अपने मित्र सुहैल पुत्र पप्पू के साथ बाइक से ससुराल नगरिया जा रहे थे। बरी वगवास मोड़ पर नगरिया के निवासी शाकिब पुत्र शकील मिला जो अपने गांव जाने के लिए सवारी के इंतजार में थे।परचित होने के चलते वह भी इसी बाइक पर सवार हो गया।

नगरिया के तीव्र मोड़ पर वाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और पुलिया से जा टकराई। तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा गया जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# एमडीएम मामले की जांच ठंडे बस्ते की ओर

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार:** सुमंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज में मध्यान्ह भोजन खाने के बाद बीमार बच्चों के मामले में जांच ठंडे बस्ते में दिखाई दे रही है। अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। अधिकारी एक दूसरे के पाले में गेंद में डाल रहे हैं। नमूनों की भी रिपोर्ट नहीं आई है। इधर खाद्य सुरक्षा विभाग का दावा है कि पुनः नमूना रिपोर्ट के लिए पत्र भेज दिया गया है। हालांकि, जांच कब पूरी होगी यह बताने में कोई भी अधिकारी सक्षम नहीं दिख रहे।

एक अगस्त को इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने कार्यदायी संस्था द्वारा तैयार किए गए मध्यान्ह भोजन का सेवन किया। उसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई। कई विद्यार्थियों को तो उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

> मामले में अभी तक कहीं से कोई साक्ष्य एवं तथ्य नहीं मिले हैं। जांच की जा रही है। संबंधित संस्था से जवाब मांगा गया है। जवाब मिलते ही रिपोर्ट अधिकारी को दे दी जाएगी।
> **-गौरव सक्सेना, डीसी मध्यान्ह भोजन बेसिक शिक्षा**

> 14 दिन का समय प्रयोगशाला को मिलता है। फिर भी हमने पत्राचार किया है, जिससे की रिपोर्ट जल्द मिल सके। रिपोर्ट मिलते ही यह स्पष्ट कर लिया जाएगा कि भोजन में कुछ मिलावट तो नहीं थी। **-आनंद देव, खाद्य सुरक्षा आयुक्त कासगंज**

> किसी भी हाल में माध्यमिक स्कूल कार्यदायी संस्था से मध्यान्ह भोजन नहीं लेंगे। जब तक नमूनों की रिपोर्ट नहीं आती और गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं मिलेगा तब तक भोजन का बहिष्कार किया जाएगा। यह निर्णय प्रधानाचार्य परिषद की बैठक में लिया गया है। **-आलोक दुबे, जिला अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद**

- खाद्य सामग्री के नमूनों की भी नहीं आई रिपोर्ट, भेजा गया पत्र
- सुमंत कुमार कॉलेज में मध्यान्ह भोजन से बीमार हो गए थे बच्चे

जबकि 26 को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने जांच के आदेश दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे। खाद्य सुरक्षा विभाग के अलावा बेसिक शिक्षा विभाग ने भी जांच शुरू की। दोनों ही विभागों की भूमिका प्रथम दृष्टया संदिग्ध पाई गई तो डीएम ने गंभीरता से जांच करने को कहा। नौ दिन से अधिक हो गए हैं, अभी तक न तो जांच को भेजे गए नमूनों की रिपोर्ट आई है और न ही जांच अधिकारियों ने कोई आख्या दी है।

## नाग पंचमी पर काल सर्प दोष निवारण पूजा व रुद्राभिषेक कराया

**सोरोंजी, अमृत विचार।** तीर्थनगरी में नाग पंचमी के अवसर पर हरि की पैडी किनारे गंगा यज्ञशाला में डॉ. राधाकृष्ण दीक्षित के निर्देशन में आचार्य पंडित दिलीप शास्त्री व पंडित नरेश बरवारिया ने काल सर्प दोष एवम पितृ दोष निवारण पूजा कराई। डा. राधाकृष्ण दीक्षित ने कुंडली में काल सर्प दोष व पितृ दोष होने के कारण व उससे पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला। श्रद्धालुओं ने हरि की पैडी में स्नान कर क्षेत्राधीश भगवान वराह की पूजा अर्चना की। नाग पूजा करते हुए महादेव का रुद्राभिषेक किया। पवनेश वैंदेल, दुर्गेश श्रोतीय, आलोक तिवारी , सारंग चौधरी, प्रमोद चौधरी, पंकज वैंदेल , शंभू काका, विष्णु आदि आचार्य उपस्थित रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन पर विद्यालय में लगी चित्र प्रदर्शनी

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचार:** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के शुभारम्भ अवसर पर जनपद में आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखला में जीटी रोड स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार बाजपेयी ने काकोरी ट्रेन एक्शन के चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।छात्र-छात्राओं को अमर वीर शहीदों के बलिदान से अवगत कराते हुये विद्यालय में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया।

खंड विकास अधिकारियों के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक अमृत सरोवर पर 100-100 पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को काकोरी ट्रेन एक्शन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 इंद्रजीत प्रजापति, खंड विकास अधिकारीगण, एबीएसए सकीट, विद्यालय प्रबन्धक, कोषाध्यक्ष, प्रधानाचार्य कोआर्डिनेटर दयानन्द श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते मुख्य विकास अधिकारी अवधेश कुमार बापजेयी।

### काकोरी ट्रेन एक्शन के 100 वर्ष पूर्ण होने पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जलेसर अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जलेसर में काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वी वर्षगांठ पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आरवीके गोस्वामी ने किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका बीएससी द्वितीय स्थान रिंकी बीए 1 सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान ब्रजवाला बीएससी ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जय कुमार बीएससी .सेमेस्टर द्वितीय स्थान खुशी बीएससी. तृतीय सेमेस्टर तृतीय स्थान निशा यादव बीए प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी बीएससी सेमेस्टर द्वितीय स्थान बृजबाला बीएससी सेमेस्टर तृतीय स्थान अंजली बीएससी सेमेस्टर प्राप्त किया तथा चित्रकला पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशी शर्मा बीएससी सेमेस्टर द्वितीय स्थान भावना राजपूत बीए सेमेस्टर तृतीय स्थान मनीषा वर्मा सेमेस्टर प्राप्त किया। प्राध्यापक डॉ. आशा सिंह, डॉ. विभा, डॉ. विजय सिंह चौधरी, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अनिल , डॉ. दीपांकर सिंह, डॉ. राहुल भारद्वाज, डॉ. रविन्द्र सिंह, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. प्रणय छिब्बर व अन्य उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह पर प्रतियोगिताएं




**सहसवान, अमृत विचार :** पन्नालाल नगर पालिका इंटर कॉलेज में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अवसर पर उप जिलाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में दीक्षा वर्मा प्रथम, अलीशा द्वितीय तथा लक्ष्मी सागर का तृतीय स्थान रहा। देशभक्ति गीत में नील मुअज्जम प्रथम, खुशी द्वितीय तथा मुर्सलीन का तृतीय स्थान रहा। भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में मदीहा नकवी प्रथम, रहमत बी द्वितीय तथा अलीशा का तृतीय स्थान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी से हुआ। अंत में उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी ने शताब्दी वर्ष पर विचार रखे। प्रधानाचार्य सुजीत सिंह ने बच्चों को पुरस्कार दिए।

### पांच गोवंशीय पशुओं को गोशाला में कराया संरक्षित



**कुंवर गांव, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन अंतर्गत मुरादाबाद हाईवे पर सिलहरी के पास पिछले दिनों गौवंशीय पशुओं से टकरा कर दो महिलाओं की मौत हो गई थी। जिसको संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार को रोड़ किनारे घूम रहे गोवंशीय पशुओं को संरक्षित करने के लिए अभियान चलाया गया। सिलहरी के पास से पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार भुइयार ने टीम के साथ पांच नर गोवंशों को गुरुपुरी विनायक गौशाला में संरक्षित कराया। उन्होंने बताया कि गौवंशीय पशु लड़ते झगड़ते रोड पर आ जाते हैं, जिससे मोटर साइकिल सवार टकरा कर हादसे का शिकार हो जाते हैं। जिसको लेकर अभियान चलाया जा रहा है।

### बिल्सी के सतेती गांव में किया गया पौधरोपण



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव सतेती इंच्छा पट्टी में शुक्रवार को वन प्रभाग सहसवान की ओर से एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में शहीदों की स्मृति में पौधरोपण किया गया। जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के परिजन रामरक्ष पाल सिंह, गोपाल पाराशर, शिशुपाल सिंह को शॉल एवं प्रतीक चिन्ह देकर एसडीएम प्रवर्धन शर्मा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार एवं ट्रीमैन प्रशांत जैन व क्षेत्रीय वन रेंजर अशोक कुमार त्यागी ने सम्मानित किया। इस मौके पर वन दरोगा जितेंद्र कुमार, विजय सिंह, वनरक्षक राम सिंह, शशांक कुमार, विनय कुमार, अरिहन्त वृक्षारोपण समिति के संरक्षक मृगांक जैन उर्फ टीटू, प्रदेशाध्यक्ष विष्णु असावा, डॉ. विनय शर्मा, सुभाष जैन, भागचंद्र जैन, जितेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल



**उसहैत, अमृत विचार :** कस्बा वार्ड सात निवासी शोहिब पुत्र सबजाल अपने पिता के साथ खेत में धान की रोपाई करने गया था। दोपहर के समय वि खेत से लौट रहा था। रास्ते में उसकी बाइक में तेज रफ्तार आ रहे टेंपो ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होने के बाद वहां जुटी भीड़ ने उसके परिजनों को सूचना दी। इधर हादसा होने के बाद चालक टैंपो छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस से टैंपो कब्जे ले लिया। साथ ही घायल शोहिब को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### गोवंश से टकराकर बाइक सवार की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के गांव उघैनी निवासी पंकज पुत्र धर्मेंद्र और सूरज पुत्र मेघनाथ शुक्रवार को बदायूं से वापस अपने गांव जा रहे थे। ककराला मार्ग पर गांव दौरी नरोत्तमपुर मोड़ के पास उनकी बाइक गोवंश से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने पंकज को मृत घोषित कर दिया जबकि सूरज का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### राय सती मंदिर पर भंडारा में उमड़ी भीड़

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या पांच में बिजली घर रोड पर स्थित राय सती माता के मंदिर पर शुक्रवार को सावन माह के उपलक्ष्य में यहां श्रद्धालुओं ने भंडारा आयोजित कराया। भंडारे से पूर्व यहां भक्तों ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर भोग लगाया। उसके बाद कन्याओं को भोजन कराया। इसके बाद यहां लोगों को प्रसाद का वितरण किया। प्रसाद पाने के लिए यहां लोगों को भीड़ लग गई। इस मौके पर शिवम सैनी, छोटेलाल सैनी, महेश सैनी, सचिन सैनी, हर्ष सैनी, सतीश सैनी, श्यामलाल सैनी, नन्हे सैनी, पप्पू सैनी, बबलू सैनी, सूरज सैनी, अर्जुन, सनोज शाक्य, राहुल शाक्य आदि का विशेष सहयोग रहा।

### मानसिक मंदित महिला की मौत

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव सिरासौल सीताराम पट्टी में एक मानसिक मंदित युवती की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव सिरासौल सीताराम पट्टी निवासी राजू शेख राजस्थान के जयपुर में रहकर दर्जी का काम करते हैं। गांव में उनकी पत्नी और तीन बच्चे रहते हैं। शुक्रवार सुबह लगभग आठ बजे गांव के लोगों ने देखा उसकी पत्नी की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मचा है।

### बारिश में गिरा पेड़, टेंपो क्षतिग्रस्त

**म्याऊं, अमृत विचार :** शुक्रवार दोपहर हुई बारिश और तेज हवाओं के चलते कस्वा अलापुर में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग किनारे पाकड़ का पेड़ गिर गया। मौके पर भगदड़ मच गई। इस दौरान वहां खड़े एक टेंपो और रेडी पर पेड़ क्षतिग्रस्त हो गया। बारिश रुकने के बाद लोगों ने पेड़ की टहनियां हटाकर टेंपो बाहर निकाला।

### किशोरी से दुष्कर्म, वीडियो बनाकर की वायरल

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी कि गुरुवार रात उनके गांव के एक युवक ने उनकी नाबालिग बेटी को फोन कर सूनसान जगह पर बुलाया। बेटी परिजनों को बिना बिताए उसके पास चली गई। जहां आरापी अपने साथी के साथ मिला। तमंचा दिखकर उसने उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। उसके दो साथियों ने वीडियो बना लिया। यह वीडियो प्रधान समेत अन्य लोगों के मोबाइल पर भेज दिया। ग्रामीण ने प्रभारी निरीक्षक को वीडियो भी दिखाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। किशोरी के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है जबकि अन्य दो आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का लग रहा है। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### स्मारक का कल होगा अनावरण

**बिसौली, अमृत विचार :** बिसौली विधानसभा क्षेत्र के बगरैन भाजपा मंडल अध्यक्ष ठा लालू सिंह निवासी पैंपल का 37 वर्ष की आयु में पिछले वर्ष 11 अगस्त को बीमारी के कारण निधन हो गया था। उनकी पुण्यतिथि पर 11 अगस्त को गांव पैंपल में बनी स्मारक अनावरण होगा। स्मारक का अनावरण भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य विधायक राजीव कुमार सिंह विधायक हरीश शाक्य विधायक महेश गुप्ता पूर्व विधायक कुसाग्र सागर के द्वारा किया जाएगा।

### बस ने रौंदे स्कूली बच्चे, एक की मौत, तीन घायल

**आगरा।** थाना फतेहाबाद क्षेत्र के बाह मार्ग स्थित बाबा की तिवरिया पर बाह की ओर से तेज गति से आ रही सवारियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। सड़क किनारे चल रहे बच्चे उसकी चपेट में आ गए। सौम्य(8) पुत्र देव शंकर की मौत हो गई। तीन बच्चे घायल हुए हैं। परिजन और ग्रामीणों ने हंगामा कर जाम लगा दिया। बस में भी तोड़फाड़ कर दी। थाना पुलिस के अलावा अन्य थानों के फोर्स को भी बुला लिया गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजे का आश्वासन दिया। और उसके बाद परिजनों को आक्रोश शांत हुआ।

---

### ऑपरेशन तलाश : 22 टीमें, 21 सौ कैमरे, 25 किमी दायरे में डेढ़ लाख लोगों के मोबाइल के डेटा की जांच

# सैकड़ों गांवों की खाक छानी, तब हाथ आया साइको किलर

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** महिलाओं की सीरियल किलिंग का मामला शासन में गूंजने के बाद दबाव पड़ने के बाद पुलिस ने हत्यारे को तलाश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। छह महीने पहले एसएसपी के कैंप ऑफिस में वार रूम स्थापित करने के साथ 22 पुलिस टीमें बनाई गईं, फिर शाही में चिह्नित किए संभावित स्थानों और रास्तों को 21 सौ सीसीटीवी कैमरे लगाकर पाट दिया गया। इस बीच 25 किमी दायरे में सैकड़ों गांवों की खाक छानने के साथ पुलिस ने करीब डेढ़ लाख लोगों के मोबाइल का डेटा भी चेक किया। आखिर में कुछ दिन पहले एक छोटा सा वीडियो पुलिस के हाथ लगा, जिसने उसे साइको किलर कुलदीप तक पहुंचा दिया।

> कड़ी मेहनत के बाद यह सफलता हासिल हुई है। गिरफ्तार किए गए साइको किलर कुलदीप ने छह महिलाओं की हत्या करना स्वीकार किया है। उसे गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा।
> – अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

पुलिस ने साइको किलर की गिरफ्तारी के इस अभियान को 'ऑपरेशन तलाश' नाम दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के मुताबिक 'ऑपरेशन तलाश' का वार रूम उनके कैंप ऑफिस में बनाया गया था। इसके साथ 22 टीमें बनाई गई थीं जिनमें पूरे जिले से चुनिंदा महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था। जहां-जहां महिलाओं की हत्याएं की गई थीं, उसे केंद्र मानते हुए 25 किलोमीटर व्यास के एरिया में पहले 15 सौ और फिर छह सौ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इन 21 कैमरों की फुटेज की लगातार जांच की जा रही थी। इसके अलावा बावर्दी और सादा कपड़ों में पुलिस टीमें गांव-गांव जाकर लोगों से पूछताछ कर रही थीं।

इस बीच पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से इस इलाके में करीब डेढ़ लाख लोगों के मोबाइल के डेटा की भी जांच की। गांवों में ऐसे लोगों को चिह्नित कर निगरानी शुरू की गई जिन्होंने कभी किसी मानसिक रोग विशेषज्ञ से इलाज कराया था। बॉडीवार्न और हिडेन कैमरों के साथ गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों के जरिए थाना शाही को केंद्र मानते हुए उसके आसपास के घटना स्थलों को गूगल मैप पर प्लांट कर कार्ययोजना तैयार की गई और उसके अनुरूप टीमों की तैनाती की गई। इतनी कवायद का नतीजा हुआ कि हत्याओं की सिलसिला धीमा पड़ गया लेकिन हत्यारे का सुराग एक छोटे से वीडियो के जरिए मिला जो आठ अगस्त को ही शाही पुलिस के हाथ लगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस वीडियो में बुझिया माइनर से बुझिया जागीर जाने वाले मार्ग पर एक मठिया के किनारे कुलदीप को कुछ महिलाओं के साथ बातचीत करते देखा गया। इस बीच एक मुखबिर ने कुछ ही दिन पहले जारी स्कैच से कुलदीप के चेहरे का मिलान कर सूचना दी तो पुलिस का काम आसान हो गया। इसके बाद कुलदीप को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उसने छह महिलाओं की हत्या करने का जुर्म स्वीकार कर लिया।

#### लगता था अपनी सौतेली मां को मार दिया

शाही और शीशगढ़ क्षेत्र में एक-एक कर छह महिलाओं की हत्या करने वाले साइको किलर कुलदीप को उसकी सौतेली मां इस कदर प्रताड़ित किया कि उसे हर महिला में सौतेली मां का ही चेहरा दिखने लगा था। पुलिस के मुताबिक कुलदीप महिलाओं की हत्या कर काफी खुश होता था। उसे लगता था कि उसने अपनी सौतेली मां को मार दिया। हत्या के बाद जीत की निशानी के रूप में महिला का कुछ सामान भी साथ ले जाता था जिसे अपनी बहन के घर पर रखता था। पुलिस ने उससे अनीता देवी की वोटर आईडी, लाल रंग की लिपिस्टिक, ब्लाउज का टुकड़ा, आनंदपुर की प्रेमवती का हंसिया, गांव कुल्छा की धनवती का आधार कार्ड, शीशगढ़ के लखीमपुर की महमूदन का हंसिया, बीड़ी का बंडल और माचिस बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कुलदीप की गिरफ्तारी करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। उसे पुलिस मुख्यालय में सम्मानित करने के लिए भी पत्र भेजा है।

#### हत्या से पहले रखता था यौन संबंध बनाने का प्रस्ताव, इन्कार पर घोंट देता था गला

कुलदीप ने पुलिस को बताया कि वह घर से सुबह पैदल निकलता था। दिन भर खेतों, खड़ंजों और पगडंडियों पर घूमते हुए किसी सुनसान जगह कोई अकेली महिला दिखती थी तो बात करने लगता था। उसके सामने यौन संबंध बनाने का प्रस्ताव रखता था। इन्कार करते ही साड़ी या दुपट्टे से महिला का गला कसकर उसमें गांठ लगा देता था। इसके बाद उससे दुष्कर्म की नाकाम कोशिश करता था।

---

# हत्या कर चौकी पहुंचा पिता कहा, मार डाला बेटी को

### एक दिन पहले ही थाना सीबीगंज में प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट कराई थी

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- पुलिस से कहा, बेटी के प्रेम संबंध से काफी बदनामी हो रही थी

**अमृत विचार :** बेटी की हत्या कर पिता सुबह परसाखेड़ा चौकी पहुंच गया और चौकी इंचार्ज से कहा कि बेटी को मार डाला है। पुलिस ने पिता को हिरासत में ले लिया। पिता ने कहा कि बेटी के प्रेम संबंध से काफी बदनामी हो रही थी। दो दिन पहले ही उसने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है और शरीर पर भी चोट के निशान मिले हैं। बेटे की तहरीर पर थाना सीबीगंज पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सीबीगंज पुलिस के मुताबिक गोकिलपुर गरगईया निवासी रमेश की बेटी के प्रेम संबंध फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव रसूला निवासी भुजेंद्र उर्फ भूरा श्रीवास्तव से थे। भुजेंद्र ने किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए थे। जिससे वह तीन महीने की गर्भवती हो गई थी। रमेश ने गुरुवार को थाना सीबीगंज में भुजेंद्र उर्फ भूरा और गरगईया निवासी अनिल और अनुज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने किशोरी के बयानों के आधार पर आरोपी भुजेंद्र को जेल भेज दिया था, लेकिन गांव में चल रही चर्चाओं से रमेश आहत हो गया। पुलिस पूछताछ में रमेश ने बताया कि उसने गुरुवार दिन में ही बेटी की हत्या की योजना बना ली। उसने गुरुवार रात को अपने दोनों बेटों को छत पर सोने के लिए भेज दिया और खुद बरामदे में लेट गया। पास में उसकी बेटी चारपाई पर सो गई। शुक्रवार करीब 3 बजे रमेश ने बेटी का गला दबा दिया और बेटी की मौत हो गई। बेटी की हत्या के बाद रमेश सुबह 4 बजे परसाखेड़ा चौकी पहुंचा और चौकी इंचार्ज संदेश यादव से कहा कि साहब बेटी की हत्या कर दी। रमेश के बताने पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर राजबली सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

# पुलिस ने लगाई एफआर दोबारा जांच का आदेश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 18 जून की रात ढाबे पर करंट से हुई थी चालक-परिचालक की मौत
- ढाबा मालिक ने ट्रांसफार्मर के नीचे फेंक दिए थे शव

**अमृत विचार :** ढाबे पर करंट से ट्रक चालक और परिचालक की मौत हो गई थी। खुद को बचाने को ढाबा मालिक ने दोनों के शव ट्रांसफार्मर के नीचे रखवाकर कहा कि ट्रांसफार्मर में फाल्ट से उन दोनों की मौत हुई थी। बिजली विभाग के अधिकारियों ने ट्रांसफार्मर में फाल्ट की बात झूठी बताई। पुलिस ने ढाबा मालिक पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी लेकिन एफआर लगा दी। एसएसपी ने दोबारा जांच शुरू कराई है।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बमनी निवासी विनोद ने पुलिस को बताया कि 18 जून की रात उनका भाई प्रमोद और गांव दारानगर निवासी गुड्डू ट्रक लेकर मुरादाबाद के कांठ जा रहे थे। सिविल लाइन क्षेत्र के गांव सिलहरी के पटियाली ढाबा पर खाना खा रहे थे। बर्तन गंदे होने और गुणवत्ता खराब होने पर ढाबा मालिक वीरेंद्र और अन्य कर्मचारियों से विवाद हो गया था। विरोध करने पर उन्होंने दोनों के साथ मारपीट की थी। ढाबे में लोहे के एंगिल पर फेंका और करंट दौड़ा दिया। जिससे प्रमोद और गुड्डू की मौत हो गई थी। ढाबा मालिक और कर्मचारियों ने फाल्ट होने से मौत की अफवाह फैलाई। बिजली विभाग की जांच में फाल्ट की बात गलत निकली। पुलिस ने ढाबा मालिक वीरेंद्र समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। साक्ष्यों का अभाव बताते हुए एफआर लगा दी। परिजनों ने पुलिस पर सांठगांठ करने का आरोप लगाया। जिसके चलते दोबारा जांच कराई जा रही है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि सीओ सिटी आलोक मिश्रा मामले की जांच करेंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ओलंपिक खिलाड़ी पर अभद्र टिप्पणी, भाजपा नेता पर केस

**अलीगढ़, अमृत विचार :** ओलंपिक खिलाड़ी और महिला पहलवान के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर भाजपा नेता मुकदमा दर्ज किया है। भाजपा नेता विशाल वार्ष्णेय ने ओलंपिक खिलाड़ी महिला पहलवान विनेश फोगाट को लेकर अभद्र टिप्पणी कर दी थी। जाट समाज के लोगों ने क्वार्सी थाने में तहरीर दी और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमे की जानकारी होने के बाद भाजपा नेता बैकफुट पर आ गए और वीडियो जानकारी कर माफी मांगी। मुकदमा दर्ज कराने वाले जाट वंशावली के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा नेता के दिमाग को क्या हो गया है, वह देश की शान के खिलाफ ऐसी सोच रखते हैं।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि फर्म – फर्म- मैसर्स अहम इण्टरप्राईजेज, मोहल्ला परा, फरीदपुर, बरेली यू.पी. 243503 (पंजीकरण संख्या : BAR / 0002874) फर्म में 04 साझेदार मुलायम सिंह, अनोखेलाल, सुख लाल, मोहम्मद यासीन थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 09.08.2024 को फर्म में दो नये साझेदार विजय कुमार एवं पूनम लता शामिल किये गये हैं तथा फर्म से तीन साझेदार अनोखेलाल, सुख लाल, मोहम्मद यासीन स्वेच्छा से दिनांक 09.08.2024 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है, साझेदार का फर्म /साझेदारों पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 03 साझेदार मुलायम सिंह, विजय कुमार, पूनम लता हैं। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकातयें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं।

मुलायम सिंह साझेदार
मैसर्स अहम इण्टरप्राईजेज, बरेली उ0प्र0

**सम्मन मुद्दालय**
**न्यायालय अपर नगर मजिस्ट्रेट जनपद बरेली।**
**कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या T202212130105225**
**धारा 116 U.P.R.C. 2006**

श्रीराम बनाम सोनपाल आदि मुद्दाय बनाम सोनपाल, प्रेमपाल, अशोक पाल, महेश पाल, नरेश पाल, वीरपाल पुत्रगण स्व. बद्री, श्रीमती माया देवी पत्नी स्व. बद्री, राहुल कुमार पुत्र स्व. वीरपाल सिंह, कुमारी अलका पुत्री स्व. वीरपाल सिंह, श्रीमती रानी पत्नी स्व. वीरपाल सिंह समस्त निवासी ग्राम क्यारा परगना बरेली तहसील व जिला बरेली गांव सभा ग्राम क्यारा मुस्तकिल/ एतहमाली परगना बरेली तहसील व जिला बरेली द्वारा ग्राम प्रधान/चेयरमैन देहा प्रतिवादीगण

चूंकि मुसम्मी श्रीराम ने आपके नाम एक नालिश वास्ते बंटवारा के दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 12.08.2024 असालतन या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।

आज बतारीख 09.08.2024 मेरे दस्तखत मोहर अदालत से जारी किया गया।

अपर नगर मजिस्ट्रेट (प्रथम)
(बरेली)

---

# कंपनी के खाते से उड़ाए 77 लाख रुपये, ठग पकड़ा गया

संवाददाता, आगरा

- साइबर ठग के साथी फरार, कोई सिलिगुड़ी का तो कोई महाराष्ट्र का

**अमृत वचिार:** साइबर ठगों पर कार्रवाई करते हुए साइबर थाना पुलिस ने ठगों के गैंग के एक सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी और उसके साथियों ने अलग अलग जगहों पर व्हाट्स एप और टेलीग्राम के माध्यम से एक कंपनी को चूना लगा दिया। कंपनी के खाते से 77 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए।

साइबर थाना पुलिस ने बताया कि निमित मगन ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उनकी कंपनी के अकाउंट से सात और आठ जुलाई को 77 लाख 93 हजार रुपये दो बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। जांच में जुटी साइबर टीम ने महाराष्ट्र के भिवंडी निवासी आफताब खुर्शीद को गिरफ्तार किया। उसने बताया कि वह साथियों संग निमित की कंपनी श्रॉफ सेल्स कॉर्पोरेशन के खाते में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी हैक करते पता कर ली। रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के सिम को स्वाइप कराते हुए बेनिफिसरी डिटेल जोड़ने के लिए एक ओटीपी प्राप्त किया। उसके बाद कंपनी के अकाउंट पर रजिस्टर्ड मेल आईडी को हैक कर लिया। मोबाइल पर मिले ओटीपी को बाइपास कर अकाउंट की मेल आईडी से फिर से ओटीपी लिया। उसके बाद कंपनी के अकाउंट से पैसे ट्रांसफर किए। उसके साथ मुम्बई, सिलिगुड़ी तक हैं। आरोपियों ने रकम से सोना खरीदा लिया है। पुलिस माल बरामदगी का प्रयास कर रही है।

# प्रतियोगिताओं में मुस्कान प्रथम सुरभि ने प्राप्त किया दूसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- राजकीय महाविद्यालय में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह आयोजित
- सामान्य ज्ञान एवं पोस्टर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में कल्चरल क्लब की ओर से काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर का अवलोकन मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि ने काकोरी ट्रेन एक्शन पर विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन शहीदों के नाम पौधारोपण कर प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार बत्रा ने किया। काकोरी ट्रेन एक्शन के क्रांतिकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सभागार में आयोजित सभा में छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. सरिता के निर्देशन में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्यांश सक्सेना ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से दिशा उपाध्याय, सुरभि शर्मा, वैष्णवी साहू रहे। तीसरे स्थान पर अंजलि अग्रवाल, विकास शर्मा, और सुबोध कुमार रहे। काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित विविध प्रकार की मनोहारी पोस्टर बनाए गए। जिसमें पहला स्थान मुस्कान राणा को मिला। दूसरे स्थान पर सुरभि शर्मा और तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से सलोनी पाल एवं सूर्यांश सक्सेना रहे। निर्णायक की भूमिका डॉ. सचिन राघव, डॉ. सतीश सिंह यादव, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. राशेदा खातून, एवं डॉ. जुनेद आलम ने निभाई। निर्णायकों के द्वारा वैष्णवी साहू, नैना भारती, शीतल आर्य, रीत एवं वसीम अंसारी के पोस्टर भी सराहे गए। इस अवसर पर डॉ. श्रद्धा गुप्ता, डॉ. राकेश कुमार जयसवाल, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. प्रेमचन्द, डॉ. गौरव कुमार सिंह, डॉ. दिलीप कुमार वर्मा, डॉ. ज्योति बिश्नोई आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### रिश्वत लेने के मामले में दरोगा की जमानत नामंजूर

**विधि संवाददाता, बरेली :** हल्की धाराओं में चालान करने के बदले में 10 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी बदायूं थाना जरीफनगर दानपुर चौकी इंचार्ज एसआई धर्मवीर सिंह की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सौरभ तिवारी ने बताया कि शिकायतकर्ता मनोज कुमार ने थाना एंटी करप्शन में तहरीर देकर बताया था कि वह बदायूं के गांव नाधा में इलेक्ट्रानिक्स और फर्नीचर हाउस की दुकान चलाता है। गांव अंबियापुर निवासी गोविंद पाठक से वर्ष 2022 से मुकदमेबाजी चल रही है। कुछ दिन पहले गोविंद पाठक ने एडीजी के यहां एक शिकायती पत्र दे दिया था, जिसकी जांच सीओ सहसवान के पास आयी थी। इसमें उसने बयान दर्ज करा दिये थे। 9 जुलाई को चौकी प्रभारी दानपुर धर्मवीर सिंह ने चौकी पर बुलाकर कहा कि तुम्हारे खिलाफ आई शिकायत निपटवा दूंगा और तुम दोनों भाइयों का चालान हल्की धाराओं में करके मामला खत्म हो जाएगा और जमानत भी जल्दी हो जाएगी। इसके लिए 10 हजार रुपये का खर्चा देना होगा, नहीं तो तुम परेशान हो जाओगे। ट्रैप टीम ने 11 जुलाई को दरोगा को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा था।

### समस्याओं को लेकर किसानों ने निकाली रैली



**दातागंज/बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने राष्ट्रीय आवाहन पर किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर रैली निकाली। मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को ट्रैक्टर ट्रालियों से आए किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर आरटीओ ऑफिस से रैली शुरू की, और जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचने का प्रयास किया, लेकिन शहर में भीड़ को देखते हुए रैली को इस्लामिया इंटर कॉलेज पर रोक दिया गया। उसके आद जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने के बाद भाकियू के प्रांतीय सदस्य राजीव गुप्ता ने कहा कि सोई हुई सरकार को जगाने के लिए राष्ट्रीय आवाहन पर ट्रैक्टर रैली निकाली गयी। जिलाध्यक्ष रमाशंकर शंखधार ने कहा कि सरकार अन्नदाता की समस्याओं को नहीं सुन रही है। किसानों का चीनी मिलों पर करोड़ों रुपया बकाया है। जिसका भुगतान कराया जाये। बाढ़ से फसल के नुकसान की क्षति पूर्ति कराई जाये। इस मौके पर ठाकुर दिग्विजय सिंह, रमेश चंद्र सिंह, मुकेश सिंह यादव, मूलचंद पाल, हरिओम तूफानी, गंगा राम, राम विलास, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नलकूप का कनेक्शन लगाया नहीं भेज दी आरसी

**बदायूं, अमृत विचार :** अब्दुल्लागंज निवासी अमरजीत ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पिता महावीर ने नलकूप कनेक्शन लेने के लिए 22 मई 2012 को अधिशासी अभियंता विद्युत खंड चतुर्थ से 11 हजार 925 रुपये जमा कर रसीद कटाई थी। कुछ दिनों के बाद जेई को 36 हजार, दूसरी बार 40 हजार, तीसरी बार 46 हजार, चौथी बार 4 हजार, पांचवीं बार 8 हजार रुपये दिए। फिर भी नलकूप कनेक्शन नहीं हुआ। जेई से कहा कि नलकूप लगवा दो या रुपये वापस कर दो। जेई आश्वासन देता रहा। इस बीच वे मजदूरी करने बाहर चले गए। उनके पीछे बिजली विभाग ने पिता के नाम पर आरसी जारी कर दी। उन्होंने अधिकारियों से शिकायत करके बताया कि नलकूप लगा नहीं फिर बिल क्यों आ रहा है, लेकिन समस्या दूर नहीं हुई। कोर्ट के आदेश से पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत शकरस, ब्लाक बहेड़ी, बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शकरस की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-2025 में मनरेगा, ग्राम निधि व SLWM आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार वर्णित कार्यो के लिए निर्माण सामग्री जिसमें ईट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इण्टरलॉक ईट, सरिया, हैण्डपम्प रिबोर सामग्री हयूम पाइप, रोड़ा, टाइल्स, पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, प्रचार-प्रसार सामग्री, सीसीटीवी कैमरा आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है जिसकी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 12.08.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे 12.08.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म में सामग्री अनुमन्य दरों में क्रय हेतु स्वतंत्र होगी।

अनीस अहमद (ग्राम प्रधान)
सुशील कुमार गंगवार (सचिव)

**प्राथमिक विद्यालय परा II न.क्षे. फरीदपुर बरेली**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए./निर्माण 1634-46/2024-25 दिनांक 27.07.2024 के अनुपालन में प्रा. वि. परा II के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 13.08.2024 दिन मंगलवार को प्रात: 10 बजे विद्यालय प्रांगण में की जाएगी। आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी न होने की स्थिति में नीलामी पुन: 16.08.2024 दिन शुक्रवार को प्रात: 10 बजे की जायेगी शर्त यह है कि विद्यालय की बाउंड्रीवाल से सटी दीवार 8 फुट की जैसी की तैसी छोड़ी जायेगी। बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड एवं 6500/- जमानत राशि के रूप में जमा करने होंगे। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को प्रात: 10 बजे से 10:30 बजे तक होगा। नीलामी की शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

छाया- अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति, प्रा. वि. परा II न.क्षे. फरीदपुर
सुनील मोहन जौहरी- सचिव, विद्यालय प्रबंध समिति, प्रा. वि. परा II न.क्षे. फरीदपुर, मो. 8279962941

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से श्रीमती हीराकली पत्नी श्री तेजपाल निवासी ग्राम पुरैनिया पोस्ट डडिया नगला तहसील बहेड़ी जिला बरेली एक किता प्लाट तादादी 161.47 वर्गमी. जो खसरा नं. 523मि. में से वाकै बिहारमान नगला आशुतोष नगर पर. तह. व जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में मकान कुलदीप सिंघल, पश्चिम में प्लाट अनिल अग्रवाल, उत्तर में रास्ता 15 फिट चौड़ा व दक्षिण में प्लाट रामवीर सिंह यादव है को बंधक रखकर गृह निर्माण हेतु मेरे मुवक्किल से लोन ले रही है श्रीमती हीराकली ने उक्त सम्पत्ति द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 19.07.2024 को श्रीमान स.र. बरेली में बही सं. 1 जिल्द 15675 के पृष्ठ 283 से 300 तक क्रमांक 11433 पर हुई है इकरारी श्रीमती मन्जू जैन से बशक्ल आराजी क्रय की थी।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा श्रीमती हीराकली के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

दिनांक : 09.08.2024

मुनीश कुमार सक्सेना
चैम्बर नं. 27, न्यू बिल्डिंग
बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली।
सूचीबद्ध अधिवक्ता
हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. बरेली।
मो.नं. 9997389012

